पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल करेंगे 5 दिसम्बर को लखनऊ महोत्सव का समापन

राज्यपाल से मिले मण्डलायुक्त

लखनऊः 24 नवम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में लखनऊ के मण्डलायुक्त श्री भुवनेश कुमार ने भेंट की। मण्डलायुक्त ने राज्यपाल को लखनऊ महोत्सव के समापन हेतु आमंत्रित किया है। भेंट के दौरान मण्डलायुक्त ने लखनऊ महोत्सव की तैयारियों के बारे में राज्यपाल को बताया तथा महोत्सव में लगने वाले सरकारी स्टाल, व्यवसायिक स्टाल सहित आगुंतकों की सुविधा हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि दस दिवसीय लखनऊ महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री एवं समापन राज्यपाल द्वारा किये जाने की परम्परा रही है। इस वर्ष भी लखनऊ महोत्सव का शुभारम्भ 25 नवम्बर को होगा तथा 5 दिसम्बर को राज्यपाल इसका समापन करेंगे।

अंजुम/ललित/राजभवन (430/26)